





# 25 लाख टर्नओवर और कंपनी संचालक भी उठा रहे राशन

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 20 सितंबर. ईकेवाईसी होने के बाद उन लोगों की सूची तैयार की थी, जिनकी 6 लाख रुपए से अधिक की आमदनी है या फिर ये लोग कंपनी संचालक तो कोई जीएसटी भर रहे हैं, लेकिन इनके नाम से भी राशन पर्ची जारी हो रही है। अब इन सभी लोगों को नोटिस जारी किए हैं।**

**जिला खाद्य आपूर्ति विभाग ने जारी किए नोटिस**

**संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो कटेंगे नाम**

इन्हें जबाव देना होगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर इनके नाम राशन पर्ची से हटा दिए जायेगे। दरअसल आयकर और जीएसटी विभाग की संयुक्त जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि जिले में हजारों ऐसे लोग बीपीएल और एएवाई कार्डधारी बने बैठे हैं, जिनकी आय लाखों में है या जिनका कारोबार करोड़ों का है। यह लोग गरीबों के हिस्से का राशन ले रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक जिले में करीब 3,657 उपभोक्ता यह राशन ले रहे हैं। बता दे कि पात्र लोगों को ही पात्रता पर्ची से खाद्यान्न मिले, इसके लिए ईकेवाईसी कराई गई थी। क्योंकि बड़ी संख्या में लोग ऐसे हैं जो अपात्र होते हुए भी राशन ले रहे हैं। इन लोगों को चिन्हित करने इनकी सूची तैयार की गई।

**3 हजार से अधिक लोगों को जारी किये नोटिस :** प्रदेश सरकार को यह सूची आयकर विभाग ने भेजी थी। सरकार ने इसे खाद्य विभाग के पोर्टल पर अपलोड किया है। इसके बाद जिला खाद्य आपूर्ति विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। फर्जी कार्डधारियों के नाम काटने की प्रक्रिया शुरू हो गई है और अब तक 3,000 से अधिक लोगों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। विभाग का कहना है कि जिन लोगों के खिलाफ जांच में गड़बड़ी पाई गई है, उन पर नियमानुसार कार्रवाही की जायेगी। हितग्राहियों का जवाब आने के बाद पोर्टल से विलोपन की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जिला खाद्य आपूर्ति विभाग ने सभी लोगों के नाम नोटिस जारी कर दिये है और जांच चल रही है।



**3657 लोगों में यह है शामिल :** रिपोर्ट के मुताबिक जिले में करीब 3,657 उपभोक्ता ऐसे है जो राशन ले रहे हैं। इनमें 510 कंपनी डायरेक्टर, हेडमास्टर, सरकारी कर्मचारी और बड़े कारोबारी शामिल हैं। 3,118 परिवार ऐसे हैं जिनकी वार्षिक आय 6 लाख से अधिक है, फिर भी ये बीपीएल कार्डधारी हैं।

### ईकेवायसी नहीं तो नहीं मिलेगा राशन

जिले में कुल 12,53,127 हितग्राही सदस्य हैं। इनमें से 11,55,269 (92 प्रतिशत) की ई-केवाईसी हो चुकी है, जबकि करीब 60 हजार लोगों की ई-केवाईसी होना शेष है। जिनकी ई-केवायसी नहीं हुई है, उन्हें खाद्यान्न नहीं मिल रहा है। विभाग का कहना है कि जिनकी ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है, उनके खाद्यान्न का आवंटन शासन स्तर से सीधे जारी हो रहा है। शेष का सत्यापन पूरा होने के बाद ही पीओएस मशीन पर उनका राशन कार्ड सक्रिय रहेगा। बता दे कि सरकार ने राशन उपभोक्ताओं को ई-केवायसी कराना अनिवार्य किया है। जिनकी ई-केवायसी नहीं है, उनका खाद्यान्न रोक दिया गया है।

> आयकर विभाग से प्रदेश सरकार को एक सूची भेजी थी। जिनमें अपात्र लोगों द्वारा गरीबों को मिलने वाला निःशुल्क खाद्यान्न लिया जा रहा था। सूची के आधार पर अभी तक 3 हजार से अधिक लोगों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। जवाब आने पर जांच उपरांत पोर्टल से विलोपन की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- केके टेकाम,** जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी बैतूल

### सिर्फ इन्हें की राशन पर्ची की पात्रता

जानकारी के अनुसार राशन की नवीन पर्ची के लिए 29 कैटेगरी अंत्योदय अन्न परिवार, बीपीएल परिवार, वन अधिकार पट्टेधारी, भूमिहीन कोटवार, मप्र में निवासरत अनुसूचित और अनुसूचित जनजाति परिवार जो शासकीय सेवारत या आयकर दाता न हो, संनिर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत आने वाले श्रमिक, बंद पड़ी मिलों के पूर्व नियोजित श्रमिक, बीड़ी श्रमिक, भूमिहीन खेतीहर मजदूर, रिक्शाचालक, ठेलाचालक, फेरी वाले, शहरी घरेलू कामकाजी कर्मी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राही, विकलांग, वृद्धाश्रम में रहने वाले, दिव्यांग जन 40 फीसदी से अधिक निशक्तता संबंधी, कुली, हम्माल और तुलावटी, बुनकर और शिल्पी, एचआईबी संक्रमित, मुछआरे, व्यवसायिक वाहन चालक, परिचालक, घुमक्कड़, केश शिल्पी, अन्य वंचित वर्ग, कुष्ठ रोग पीड़ित, ट्रांसजेडर और कोविड बाल कल्याण योजना शामिल हैं।

## एक नजर में

### रैली निकालकर किया ग्रामीणों को जागरूक

**बैतूल।** पर्यावरण के लिए आज की पीढ़ी को जागरूक करना अति आवश्यक है। इस उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई जेएच कॉलेज द्वारा गोद ग्राम खेड़ला में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे के संरक्षण में आयोजित सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत इस एक दिवसीय शिविर के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ.गोपाल प्रसाद साहू द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो.शंकर सातनकर के नेतृत्व में गोद ग्राम खेड़ला का भ्रमण किया गया। 45 स्वयंसेवकों के साथ कार्यक्रम अधिकारी द्वारा वहां पर स्वच्छता अभियान, जैविक खेती जागरूकता कार्यक्रम,एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। ग्राम के विद्यालय प्रांगण के आसपास साफ सफाई अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों द्वारा रेड रिबन क्लब के तहत एड्स जागरूकता के विषय में ग्राम खेड़ला में रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी शामिल हुए। पंचायत भवन के सम्मुख एक पेड़ पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत अशोक एवं बरगद के पौधे लगाए गए। पंचायत भवन में ग्राम वासियों को जैविक खेती करने के तरीके एवं जैविक खेती करने के लाभ बताए गए।

### जेएच कॉलेज में इनोवेशन काउंसिल का गठन

**बैतूल।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के दिशानिर्देशों के अनुरूप जेएच प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी ) का गठन किया गया है। इस परिषद का गठन कॉलेज प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे की अध्यक्षता में किया गया। परिषद का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता और उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करना है। परिषद के उपाध्यक्ष के रूप में कोसमी इंडस्ट्रियल असोशिएशन के अध्यक्ष श्री आशीष पांडे को मनोनीत किया गया है। परिषद के समन्वयक का दायित्व अभाशितप पाठ्यक्रम प्रभारी प्रो. राकेश कुमार पवार को सौंपा गया।

## मोदी जी का जीवन एक प्रेरणादायक गाथा है : दुर्गादास उइके

**बैतूल। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मदिन पर सेवा पखवाडा के अंतर्गत आयोजित प्रबुद्ध जन संवाद को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि नरेन्द्र मोदी का पूरा जीवन एक प्रेरणादायक गाथा है।**




उन्होने न सिर्फ भारत की राजनीति को नई दिशा दी है बल्कि 140 करोड भारतीयों के जीवन में आशा की नई किरण जगाई है। श्री उइके ने कहा कि नरेन्द्र मोदी का जीवन यात्रा हमें प्रेरणा देती है कि कडी मेहनत और राष्ट्र कें प्रति समर्पण से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। नरेन्द्र मोदी जी ने विकासित भारत का जो विजन दिया है वह नारा ही नही बल्कि भारत को नई दिशा देने का संकल्प है। नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए स्वदेशी और स्वच्छ भारत अभियान के कारण भारत को पूरी दुनिया में नई पहचान मिली है। मेक इन इंडिया जैसे कार्यक्रम से रक्षा के क्षेत्र में आत्म निर्भर बना है जिसकी बानगी हमें ऑपरेशन सिंदूर में देखने को मिली जब भारत में बनी मिशाईलों ने पाकिस्तान में घूसकर उनके आतंकी ठिकानो को ध्वस्त कर दिया। श्री उइके ने यह भी कहा कि 2047 तक भारत को यदि विकसित होना है तो भारत को आत्म निर्भर बनना ही पडेगा। जिसके लिए मोदी जी इस उम्र मे भी दिन रात मेहनत कर रहे है। आत्म निर्भर भारत का संकल्प न सिर्फ मोदी जी का बल्कि 140 करोड भारतीयों का संकल्प होना चाहिए। मोदी जी ने विश्व को कई बार यह ऐहसास कराया है कि भारत सिर्फ अपने लिए नही जीता। प्रबुद्व जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम उस महान व्यक्तित्व को समर्पित है जिनके जीवन का उददेश्य विकसित भारत का निर्माण और गरीबो का कल्याण है।

## नाबालिग पर प्राणघातक हमला, पाइप एवं बेल्ट से पीटा

**मुलताई। थाना क्षेत्र के ग्राम डहुआ में एक 17 वर्षीय नाबालिग के साथ कुछ लोगो ने पाईप एवं बेल्ट से पीटकर प्राणघातक हमला किया।**

**पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने गठित की टीम**

**पीड़ित को मृत समझकर पुलिया में फेंका**



बताया जाता है 17 वर्षीय किशोर अपने दोस्त से मिलने गया था और पेट्रोल भरवाकर लौट रहा था। इसी दौरान उसे भारत बारंगे और उसके साथियों ने रोका। आरोपियों ने उसे धमकी दी कि वह गांव में न आए। इसके बाद उसे पुलिया के पास ले जाकर पाइप, बेल्ट और लकड़ी से करीब आधे घंटे तक पीटा। आरोपी जब थक गए तो उसे मृत समझकर पुलिया में फेंक दिया। पीड़ित ने अपनी मौसी और परिजनों को फोन किया। परिजन रात में मौके पर पहुंचे और घायल को सरकारी अस्पताल ले गए। पुलिस ने बताया भारत बारंगे और अन्य आरोपियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने टीम का गठन किया है।

## माँ दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर बनी सहमति

**सारनी।** सारणी क्षेत्र में माँ दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर पिछले कई दिनों से चल रही असमंजस की स्थिति और विवाद का अंत आखिरकार प्रशासन और सकल हिंदू समाज की संयुक्त बैठक में हो गया। अब सभी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन नाव घाट पर ही किया जाएगा। दरअसल, सतपुड़ा प्लांट प्रबंधन की नीतियों के चलते प्लांट परिसर स्थित तालाब पर प्रतिबंध लागू कर दिया गया था, जिससे लोगों में असंतोष का माहौल था। प्रशासनिक स्तर पर लगातार बैठकें आयोजित की जा रही थीं, परंतु कोई ठोस समाधान सामने नहीं आ पा रहा था। अंततः शुक्रवार को एसडीएम, तहसीलदार, नगर पालिका अमला, पुलिस प्रशासन और विभिन्न सामाजिक संगठनों की उपस्थिति में सहमति बनी कि विशाल प्रतिमाओं का विसर्जन कुण्डों में संभव नहीं है, ऐसे में नाव घाट ही एकमात्र व्यावहारिक विकल्प रहेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विसर्जन के दौरान पर्यावरणीय मानकों का पालन अनिवार्य होगा। मूर्तियों से निकलने वाले सजावटी सामान, प्लास्टिक या हानिकारक सामग्री तालाब में न जाए, इसके लिए विशेष निगरानी रखी जाएगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे शांति और सहयोग बनाए रखें।

## भैंसदेही में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

**भैंसदेही।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) भूपेंद्र सिंह मौर्य, थाना प्रभारी भैंसदेही सरविंद धुर्वे, तहसीलदार भैंसदेही भगवानदास कमरे की उपस्थिति में आगामी त्यौहार नवरात्र एवं दशहरा उत्सव को दृष्टिगत रखते हुए , भैंसदेही शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक ली गई , जिसमें शांति और सौहार्द के साथ नवरात्री उत्सव मनाये जाने को लेकर आवश्यक रुपरेखा तय की गयी ।साथ ही नगर में दुर्गा प्रतिमाओं के भ्रमण को लेकर सड़कों पर झूलते तारों को विद्युत विभाग भैंसदेही के जे ई सोलंकी जी को व्यवस्था बनाने के लिए निर्देश दिए गये, दुर्गा नवमी एवं दशहरा पर्वों के दौरान संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है। विगत वर्षों के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक स्तर पर सुरक्षा उपाय, रोकथाम की कार्यवाही एवं समन्वय की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने पर सभी उपस्थित जनों ने जोर दिया। बैठक में नपं अध्यक्ष मनीष सोलंकी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप घोरे, ऋषभदास सावरकर, सार्वजनिक दुर्गा मंडलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## अग्रसेन जयंती महोत्सव पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**घोड़ाडोंगरी।** अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष में अग्रसेन भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ श्रीमती दुर्गा देवी अग्रवाल द्वारा फीता काटकर एवं अग्रसेन भगवान का पूजन कर शुभारंभ किया। शुभारंभ में सबसे पहले रक्तदान कमलेश जैन, हर्षित अग्रवाल ,राहुल अग्रवाल ने किया। शिविर में नगर के लोगों ने उत्साह से शामिल होकर रक्तदान किया। इस अवसर पर 35 यूनिट ब्लड दिया गया। प्रमुख रूप से समाज के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, महेश अग्रवाल, बीरदीचंद अग्रवाल, डॉक्टर कृष्ण गोपाल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विकास अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, प्रफुल्ल अग्रवाल तथा व्यापारी संघ के तोषण गावंडे, जितेंद्र मालवी, हरप्रीत सिंह खनूजा, आकाश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, विवेक खंडेलवाल, नितिन अग्रवाल, राजेश मालवीय, राजेश अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, महिला मंडल के अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, पूजा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। घोड़ाडोंगरी चौकी प्रभारी अमरपाली और नगर परिषद अध्यक्ष मीरा बाई उईके भी उपस्थित रही।

## दीपाली को राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता में सफलता

**आमला। सांदीपनि ( सीएम राइज ) विद्यालय आमला की कक्षा 11वीं की छात्रा दीपाली इंदौरकर ने राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है।**



भारतीय मानक ब्यूरो भारत सरकार के उपक्रम द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितम्बर 2025 को ऑनलाइन मोड में राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में संपूर्ण भारत से 25,845 विद्यार्थियों ने सहभागिता की ।प्रतियोगिता के परिणाम 19 सितम्बर को घोषित किए गए, जिसमें नागपुर ब्रांच ऑफिस ऑफ बीआईएस से दो विद्यार्थी सफल हुए। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश से केवल सांदीपनि विद्यालय आमला की छात्रा दीपाली इंदौरकर ने सफलता प्राप्त की। दीपाली की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश खैरवाल, मानक क्लब के मेंटर प्रदीप नागले, धनराज कहार, समस्त शिक्षक स्टाफ तथा नागपुर ब्रांच ऑफिस से एसपीओ ईशा खुराना मैडम एवं मोहित ने हार्दिक बधाई प्रेषित की और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## कन्या महाविद्यालय में एक दिवसीय करियर मेले का आयोजन

**बैतूल।** स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय कन्या महाविद्यालय, बैतूल में 20 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से एक दिवसीय करियर अवसर मेले का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विद्या चौधरी, मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य प्रो. उषा द्विवेदी, विशेष अतिथि जिला चिकित्सालय बैतूल के सीएचएमओ डॉ. परिहार, जनभागीदारी समिति की सदस्य श्रीमती सीता शुक्ला, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ.आशीष गुप्ता और कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती माधुरी पल्ले ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया। कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती माधुरी पल्ले ने प्रस्तुत की। पूर्व प्राचार्य प्रो. उषा द्विवेदी ने छात्राओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने और स्वयं को उद्यमी के रूप में स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। सीएचएमओ डॉ. परिहार ने कहा कि महिलाएं आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं और करियर मेला छात्राओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा। जनभागीदारी समिति की सदस्य श्रीमती सीता शुक्ला ने आत्मनिर्भरता पर बल दिया। भूतपूर्व छात्र संगठन की सदस्य श्रीमती अनुराधा देशमुख ने छात्राओं से इस अवसर का पूरा लाभ लेने की अपील की। प्राचार्य डॉ. विद्या चौधरी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक छात्रा को शिक्षा के माध्यम से स्वावलंबन की ओर बढ़ना चाहिए।



**ज्ञापन** | बजरंग दल ने ज्ञापन सौपा

## ज्ञापन : गरबा एवं दुर्गा पंडालों में नहीं बजाए जाएं अश्लील गाने

**मुलताई। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा शनिवार को टीआई देवकरण डहेरिया को ज्ञापन सौपकर नवरात्रि में मां दुर्गा पंडालों व गरबा डांडिया आयोजन में अश्लील नृत्य और फिल्मी गानों व गैर हिन्दूओं प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।**



विहिप अध्यक्ष उदय जोशी, प्रखंड सप्ताहिक मिलन प्रमुख सागर बजरंगी ने बताया 22 सितंबर से नवरात्रि आरम्भ हो रही है जिसमें मां दुर्गा की स्थापना की जाएगी ।मां दुर्गा पंडाल व गरबा आयोजन भी किए जाएंगे। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने शासन व मंडलो से पंडालों में किसी भी देवी देवताओं का आपत्तिजनक मस्ती मजाक नहीं बनाए जाने,गरबा डांडिया नृत्य में अमर्यादित वस्त्र में गरबा न खेले, मर्यादित वस्त्र पहनकर सभी पंडालों में तिलक लगाकर प्रवेश व गरबा, डांडिया आयोजन में आधार कार्ड पर प्रवेश देने की बात कही। माता बहनों की पुर्ण सुरक्षा रखने एवं गैर हिन्दूओ की प्रवेशपर पुर्णतः प्रतिबंध लगाने,आयोजकों का पुर्ण डेटा शासन पुलिस प्रशासन के पास नोट होना चाहिए। गरबा व पंडालों में धार्मिक आयोजन व फिल्मी गाने से जिससे हमारी संस्कृति व धार्मिक भावनाओं का आहत ना हो, सभी पंडालों में गलत गतिविधियों व जुआ, शराबियों पर अंकुश एवं आयोजन रात्रि 11 बजे तक ही करने,सभी मुर्तीकार व पंडालों में एआई, कार्टून रिलेटिव बनी हुई माता रानी की प्रतिमा न बनाएं एवं ना ही स्थापित करे। डीजे संचालकों द्वारा मां दूर्गा प्रतिमा विसर्जन में फिल्मी गाने का उपयोग न करे। नहीं तो बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

### शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं त्यौहार, नहीं बजेंगे डीजे

मुलताई। नगर के थाना परिसर में शनिवार की दोपहर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।बैठक में डीजे नहीं बजाने का निर्णय लिया गया। एसडीएम राजीव कहार ने डीजे के स्थान पर वाहन में मात्र दो बॉक्स रखकर बजाने निर्देश दिए। नियमों का पालन नहीं करने वाले डीजे संचालको पर कार्रवाई करने के पुलिस को निर्देश दिए। वहीं विसर्जन के दौरान अश्लील गाने नहीं बजाने के निर्देश मंडलो को दिए गए। बैठक में नपा अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर, अजय यादव, निर्मला उबनारे, रितेश विश्वकर्मा एसडीएम राजीव कहार, तहसीलदार डॉ संजय बरैया, थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया,गणेश साहू,नमन अग्रवाल, उपेंद्र पाठक एवं दुर्गा मंडलो के प्रतिनिधि सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे ।नव दुर्गा पर्व के दौरान आयोजित गरबा कार्यक्रमों में सुरक्षा की दृष्टि से मंडलों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे ।बैठक में अधिकारियों से नगर में स्थापित दुर्गा मंडलो के आसपास साफ-सफाई, आवारा मवेशियों के प्रबंधन एवं प्रभावी पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने के पर चर्चा की गई। वही नपा अध्यक्ष ने कहा कि नगर में होने वाले भंडारा व प्रसादी के दौरान नगर पालिका द्वारा पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।

## उपचार के साथ मिले छाते, चरण पादुका, पानी बाटल

**बैतूल।** सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार को ग्राम चुनलोहमा में मध्यप्रदेश शासन के आनंद विभाग की राज्य आनंद संस्थान से संबद्ध ताप्ती आनंद क्लब और सेवा सदन भोपाल की बैतूल इकाई के संयुक्त तत्वाधान में अभिनव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम आयोजक मनोज आर्य और शैलेंद्र बिहारिया ने बताया कि ग्राम पंचायत में आयोजित अभिनव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वैष्णवी ट्रेडर्स के संचालक समाज सेवी धनराज आर्य, जनशिक्षक प्रीतमसिंह मरकाम, डॉ प्रशांत गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर्स सुनील टिकारे, टेकचंद आर्य, जलदीप वर्मा, तेजी दादा, श्रीमती ज्योति आर्य, मधुकर राठौर ने सरस्वती पूजन के साथ बुजुर्गों का सम्मान कर प्रत्येक बुजुर्गों को छाते,चरण पादुका, पानी की बाटल भेंट कर सेवा पखवाड़े में अभिनव कार्य किया। यह पहला ऐसा आयोजन था जहां मरीजों को उपचार के साथ सम्मान और उपहार भेंट किए गए। तेजी उइके ने कहा कि मनोज आर्य द्वारा हम सभी बुजुर्गों की आंखों की चिंता के साथ पैरों की भी चिंता की गई हमारे पैरों में काटे ,कंकड़ न गड़े इसलिए हम सबको जूते, चप्पल भेट किए गए हम पानी में न भीगे इसलिए छाते भेंट किए इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। आनन्दक शैलेंद्र बिहारिया ने कहा कि शिविर में इतना सम्मान पाकर बुजुर्गों की आंखे नम हो गई। यह शिविर की सफलता है सेवा पखवाड़े में सेवा का यह अनुपम उदाहरण है।

